development in Siachen Glacier figured in the discussions between the Prime Minister and the President of Pakistan in Oman on November 18, 1985.

Aircraft Accidents in Tejpur and Western Sector

1276. SHRI KISHOR MEHTA:
SHRI SURESH KALMADI:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether an Air Force plane crashed at Kalkikonda in Tejpur (Assam) and another in western sector recently:

(b) what is the number of air crashes in Air Force during the last one year; and

(c) whether Government intends to make public the report of Air Marshal La Fontaine Committee on flight safety?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF DEFENCE RESEARCH AND DEVELOPMENT (SHRI ARUN SINGH): (a) Yes, Sir.

(b) This information cannot be disclosed in the public interest.

(c) No, Sir. The report of the Air Marshal La Fontaine Committee on Flight Safety is a classified document and cannot, therefore, be made public.

महासागर विकास विभाग में हिन्दी सलाहकार समिति

1277. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि महासागर विकास विभाग में हिंदी सलाहकार समिति का गठन नहीं किया गया है और गत तीन वर्षों के दौरान इसकी कभी भी नियमानुसार चार बैठकें नहीं की गई हैं;

(ख) क्या यह भी सच है कि भाषा के प्रचार, विकास और प्रयोग के लिए टेलीप्रिंटर, टेलेक्स, कम्प्यूटर और इलेक्ट्रानिक टाइपराइटर, आदि जैसे आवश्यक यंत्रों की इस विभाग में व्यवस्था नहीं की गई हैं जिसके कारण राजभाषा के वार्षिक प्रगामी कार्यक्रम पिछले ग्यारह वर्षों से पूरे नहीं किये जा सके हैं; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में क्या प्रभावी कदम उठाये गये हैं ।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा महासागर विकास, परमाणु ऊर्जा, इलैक्ट्रानिकी और अंतरिक्ष विभागों में राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल) : (क) विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर्यावरण और महासागर विकास विभागों की एक संयुक्त हिन्दी सलाहकार समिति का गठन दिसम्बर, 1983 में किया गया । इस समिति की 1984 के दौरान दो बैठकें हुई । आठवीं लोक सभा के गठन और कुछ नये मंत्रालयों/विभागों के सृजन के परिणामस्वरूप इस समिति का पुनर्गठन जुलाई, 1985 में किया गया । विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय और महासागर विकास विभाग की संयुक्त हिन्दी सलाहकार समिति की आगामी बैठक 29 नवम्बर, 1985 को हो रही है ।

(ख) और (ग) महासागर विकास विभाग के पास इस समय हिन्दी टाइपराइटर पर्याप्त संख्या में हैं और उन्हें उपयोग करने के लिए समुचित स्टाफ है। कार्य की वर्तमान मात्रा को देखते हुए हिन्दी के टेलीप्रिंटर, टेलेक्स मशीन, कम्प्यूटर, आदि के खरीदने का औचित्य नहीं है । इस प्रकार के उपकरणों के अभाव में विभाग के राजभाषा कार्यक्रम पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है ।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में हिन्दी सलाहकार समिति

1278. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में हिन्दी सलाहकार समिति का गठन नहीं किया गया है